हिन्दुस्तान
बुधवार, 22 फरवरी 2023
02
www.livehindustan.com

शहर 30s

# खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 24 से

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में 24 और 25 फरवरी को 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के निदेशक खेल विभाग होंगे। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में ट्रैक इवेन्ट व फील्ड इवेन्ट की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के लिए कुल 13 व महिला वर्ग के लिए कुल 12 प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।